प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 28.08.2026
समय : 01:00 पी.एम.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि जन धन योजना के अभूतपूर्व परिवर्तनकारी परिणामों का प्रभाव बेमिसाल है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि जन धन योजना, वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और देश के लोगों को सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत अब तक 59 करोड़ से अधिक खाते खोले जा चुके हैं। इन खातों में कुल जमा राशि 3 लाख 17 हजार करोड़ रुपये है। इस योजना का शुभारंभ प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में आज ही के दिन किया था। ये विश्व की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहल है। यह योजना सभी भारतीयों के लिए बैंकिंग पहुंच को सुलभ बना रही है। इस योजना के तहत महिलाओं के लगभग 56 प्रतिशत खातों सहित 78 प्रतिशत खाते ग्रामीण या अर्ध–शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी योजना के 12 वर्ष पूरे होने पर सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री जन धन योजना के कारण देश नारी सशक्तिकरण ग्रामीण विकास में समर्थ और आत्मनिर्भर बन रहा है। उन्होंने कहा कि इस योजना ने देश के अंतिम व्यक्ति तक बैंकिंग सेवाओं की पंहुच सुनिश्चित की है।

राज्य में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मतदान दलों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी के तहत जयपुर में 17 मतदाता जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। ये रथ शहर के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में जाकर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करेंगे। भरतपुर में स्वीप कार्यक्रम के तहत मानव श्रंखला बनाकर मतदान का संदेश दिया गया। सवाईमाधोपुर के खंडार भौंरी और बामनवास सहित कई जगहों पर नुक्कड नाटक के माध्यम से वोट डालने की अपील की गई। इस बीच चुनाव के लिए नाम दाखिल करने का सिलसिला जारी है। नामांकन केंद्रों पर उम्मीदवारों और समर्थकों की आवाजाही बढ़ने के साथ ही चुनावी सरगर्मियां भी तेज हो गई हैं।

राज्य में माल परिवहन के दौरान ई–वे बिल नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ वाणिज्यिक कर विभाग ने कार्रवाई तेज कर दी है। विभाग की प्रवर्तन टीमों ने पिछले दस दिनों में 16 ट्रांसपोर्टरों के 29 वाहन पकड़े हैं। इन वाहनों में बिना ई–वे बिल माल का परिवहन करने तथा ई–वे बिल में वास्तविक मात्रा और मूल्य से कम विवरण दर्ज करने के मामले सामने आए हैं। विभाग ने वाहनों को नियमानुसार जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। माल और दस्तावेजों के सत्यापन के बाद देय कर, ब्याज और दंड निर्धारित किया जाएगा। विभाग ने व्यवसायियों और ट्रांसपोर्टरों को ई–वे बिल में माल की वास्तविक मात्रा, मूल्य और परिवहन संबंधी सही विवरण दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

किसानों को सब्सिडी वाले उर्वरकों की पारदर्शी और मांग आधारित उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सवाई माधोपुर जिले में फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल –एफएफएस, व्यवस्था शुरू की गई है। जिला कलक्टर काना राम ने करमोदा में इसका शुभारंभ किया। इस दौरान 150 से अधिक किसानों को एफएफएस एप के माध्यम से फार्मर आईडी या आधार आईडी से उर्वरक की ऑनलाइन बुकिंग, उपलब्धता और विक्रेता के चयन की जानकारी दी गई। किसानों को बुकिंग के बाद अधिकृत विक्रेता के यहां पीओएस मशीन से सत्यापन और बिल जारी करने की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। करीब 50 किसानों को बुकिंग के अनुसार उर्वरक उपलब्ध कराया गया। वहीं, वजीरपुर में भी 100 से अधिक किसानों को ऑनलाइन उर्वरक बुकिंग प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व संस्कृत दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री राधाकृष्णन ने कहा कि संस्कृत भारत के ज्ञान, दर्शन और सभ्यता की शाश्वत भाषा है। उन्होंने कहा कि संस्कृत ने देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत

और बौद्धिक परंपराओं को आकार दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि संस्कृत भाषा भारत के ज्ञान, विचार और रचनात्मकता की निरंतर वाहक रही है और इसका सकारात्मक प्रभाव आज भी कई क्षेत्रों में देखा जा सकता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी सभी प्रदेशवासियों को सोशल मीडिया के माध्यम से बधाई दी। उन्होंने गौरवशाली भाषा के संरक्षण, संवर्धन और जन–जन तक इसके प्रचार–प्रसार का संकल्प लेकर अपनी सांस्कृतिक विरासत को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया है।